हर ज़िले में हिन्दी मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

चर्चा में क्यों?

6 सितंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के प्रमुख सचिव (शिक्षा) डॉ. आलोक शुक्ला ने सभी ज़िला कलेक्टरों को **प्रत्येक ज़िले में एक हिन्दी माध्यम के स्कूल की पहचान कर इसे उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में अपग्रेड करने** के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने **स्वामी आत्मानंद राजकीय अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल** की तरज़ पर प्रत्येक ज़िले में एक हिन्दी माध्यम **स्कूल ऑफ एक्सीलेंस** खोले जाने की घोषणा की थी।
- उन्होंने यह घोषणा शिक्षक दिवस के अवसर पर **रायपुर के अमापारा में स्वामी आत्मानंद आर.डी. तिवारी शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय के उद्घाटन** के बाद की थी।
- प्रमुख सचिव (शिक्षा) ने ज़िला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि हेरिटेज स्कूलों का बाहरी स्वरूप नहीं बदला जाना चाहिये और केवल उन्नत प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालयों के लिये संशोधन किया जाना चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hindi-medium-school-of-excellence-in-every-district